भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1081

26 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टाफ क्वार्टर

1081. श्री कृपाल बालाजी तुमाने:
श्रीमती भावना गवली (पाटील):

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय स्टील अथॉरिटी लिमिटेड (सेल) के भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थित स्टाफ क्वार्टरों की संख्या वहां कार्यरत कर्मचारियों की संख्या से अधिक है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और संयंत्र इनका किस प्रकार उपयोग कर रहा है;

(ख) क्या इन क्वार्टरों में बहुत से लोग अनाधिकृत तरीके से या किराए पर रह रहे हैं और यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है;

(ग) यदि हां, तो क्या अधिकारी भी इस प्रकार की अनियमितताओं में संलिप्त हैं और यदि हैं, तो सरकार द्वारा उस पर क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है;

(घ) क्या सरकार का संयंत्र को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए खाली पड़े क्वार्टरों को खाली करने/बेचने या पट्टे पर देने/व्यावसायिक उद्देश्य के लिए उपयोग करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त संयंत्र के जिन क्वार्टरों को कुछ समय पहले खतरनाक घोषित किया गया था उनको कब तक ढहाए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में स्टाफ क्वार्टरों को तत्कालीन आवश्यकता के अनुसार निर्मित किया गया था। बाद में, अधिशेष क्वार्टरों का सेल द्वारा उसकी संगत योजना/नीति के अनुसार, कर्मचारियों/पूर्व कर्मचारियों के लिए पट्टा/लाइसेंस के आधार पर उपयोग किया गया है।

(ख) से (घ): बीएसपी ने दिनांक 01.04.2019 से 30.06.2021 तक 465 क्वार्टरों में से 83 क्वार्टरों को अप्राधिकृत अधिभोगियों से खाली करवाया है। अप्राधिकृत अधिभोग के मामलों की बेदखली के लिए जाँच सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के तहत प्रावधानों के अनुसार सेल के संपदा अधिकारी द्वारा की जाती है। सेल का भूमि को बेचने अथवा पट्टे पर देने/खाली पड़ी भूमि/क्वार्टरों का वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए उपयोग करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ): भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा गिराए जाने के लिए गैर-निवासयोग्य/अनुपयुक्त चिन्हित किए गए 3797 क्वार्टरों में से 1926 यूनिटों को पहले ही गिराया जा चुका है।

****